प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. बहुजन समाज पार्टी ने प्रदेश की 16 लोकसभा सीटों और कांग्रेस ने नौ संसदीय सीटों के लिय अपने–अपने प्रत्याशियों के नामों का किया एलान।
2. केन्द्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ाया।
3. प्रदेश भर में रंगोत्सव–होली का उल्लास : आज रात होगा होलिका दहन, कल खेला जायेगा रंग।

और

4. प्रदेश में अलग–अलग हादसों मे चार बच्चों समेत आठ लोगों को मौत, ग्यारह घायल।

————————

बहुजन समाज पार्टी ने प्रदेश की 16 संसदीय सीटों के लिये अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। सहारनपुर सीट से माजिद अली को पार्टी ने चुनाव समर में उतारा है, जबकि कैराना से श्रीपाल सिंह, मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति, बिजनौर से विजेन्द्र सिंह, नगीना से सुरेन्द्र पाल सिंह, मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी, रामपुर से जीशान खान, सम्भल से सौलत अली व अमरोहा से मुजाहिद हुसैन प्रत्याशी बनाये गये हैं। वहीं मेरठ से देवव्रत त्यागी, बागपत से प्रवीण बंसल, गौतमबुद्धनगर से राजेन्द्र सिंह सोलंकी, बुलंदशहर से गिरीश चन्द्र जाटव, आंवला से आबिदअली, पीलीभीत से अनीस अहमद खान 'फूलबाबू' और शाहजहांपुर से दोदराम वर्मा को टिकट मिला है। पार्टी द्वारा घोषित नामों में सात मुस्लिम चेहरे शामिल हैं।

बहुजन समाज पार्टी ने इस बार लोकसभा चुनाव में किसी भी दल से गठबंधन नहीं किया है, जबकि पिछले चुनाव में उसने समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और उसे दस सीटों पर जीत मिली थी।

———————

वहीं कांग्रेस पार्टी ने भी कल देर रात अपने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की। इसमें उत्तर प्रदेश

की नौ सीटें भी शामिल हैं। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को वाराणसी सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। श्री राय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ दूसरी बार चुनाव मैदान में होंगे। वहीं कुंवर दानिश अली को अमरोहा सीट से चुनाव मदान में उतारा गया है, जबकि सहारनपुर से इमरान मसूद, कानपुर से आलोक मिश्र, झांसी से पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन, फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। बाराबंकी सुरक्षित सीट से तनुज पुनिया और बांसगांव सुरक्षित सीट से पूर्व मंत्री सदल प्रसाद को टिकट दिया गया है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस का गठबंधन है और उसके कोटे में कुल 17 सीटें आई हैं। इस सूची में भी अमेठी और रायबरेली से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। भारतीय जनता पार्टी राज्य की 80 में से 51 सीटों के लिये अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है और शेष सीटों के लिये मंथन जारी है।

---

केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और प्याज के मूल्यों को नियंत्रण में रखने के लिए यह फैसला किया गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024

तक रोक लगाई गई थी, जिसे अब अगले आदेश तक बढ़ाया जा रहा है। पिछले साल दिसंबर में सरकार ने प्याज के निर्यात पर पाबंदी लगा दी थी।

————————

निर्वाचन आयोग अपने आदर्श वाक्य 'कोई मतदाता पीछे न छूटे' पर ध्यान केन्द्रित करते हुए  हर समय सुलभ मतदान के लिए काम कर रहा है। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और 40 प्रतिशत विकलांगता वाले दिव्यांगजन घर से मतदान कर सकते हैं। सभी मतदान केंद्रों पर स्वयंसेवक और व्हील चेयर उपलब्ध रहेंगे। आयोग दिव्यांगजन और बुजुर्गों के लिए परिवहन सुविधा की भी व्यवस्था कर रहा है। आयोग ने दिव्यांगजनों के लिए सक्षम मोबाइल ऐप भी शुरू किया है। दिव्यांगजनों और महिलाओं के प्रबंधन में मतदान केंद्र और मॉडल मतदान केंद्र भी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में होंगे।

————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अलग–अलग जिलों में पुलिस ने अपराधियों और अवैध असलहा कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने आज मनपुरी जिले के बेवर इलाके के बोलपुर खास गांव में छापामारी के दौरान अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री को पकड़ा है। वहीं अमरोहा जिले के हसनपुर इलाके में पुलिस

और एसओजी की संयुक्त टीम ने अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। इन दोनों जगहों पर फैक्ट्री का संचालन करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया ह और मौके से तमंचे, 12–बोर बंदूकें, पोनिया और असलहा बनाने वाला सामान बरामद किया गया है।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

प्रदेश भर में होली की धूम है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह–जगह होलिका दहन के लिये होलिका सजाई गई हैं। आज देर रात होलिका का पूजन–अर्चन के बाद दहन किया जायेगा और कल रंग खेला जायेगा।

ब्रज मंडल से अयोध्या धाम तक होली का उल्लास देखते ही बन रहा है। होली के पर्व पर यहां सदियों पुरानी लीलाएं जीवंत हो जाती हैं। इनमें भक्त प्रहलाद की लीला

भी शामिल है, जो हर वर्ष मथुरा के गांव फालैन में होती है। मथुरा के कोसी कलां में प्रह्लाद लीला को साकार करने के लिए होली की जलती लपटों से निकलने की परंपरा को जीवित रखने वाले गांव फालैन में ग्रामीण होली मेले की तैयारियां करने में जुटे हैं। फालैन के पंडा मेले में हुरियारों की टोलियां गांव–गांव पहुंचेंगी, जहां ढोल–नगाड़ों के बीच गली–गली में चौपाइयों का गायन कर रंग–गुलाल से आसमान को इंद्रधनुषी रंग में रंग देंगे।

उधर रामनगरी अयोध्या में इस बार होली का अलग ही नजारा है, नवनिर्मित रामलला मंदिर में पहली बार संपन्न होने वाले रंगोत्सव को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अविस्मरणीय बनाने में किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है।

रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा राम मंदिर में होली का मुख्य आयोजन कल संपन्न होगा, जो धर्म जगत के लिए अद्‌भुत और विलक्षण होगा, रामलला को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर भक्तों में बांटा जाएगा। बरेली में आज भव्य राम बारात का आयोजन किया गया। यह परम्परागत राम बारात नगर के बमनपुरी के नर्सिंग मंदिर से शुरू हुई और शहर के विभिन्न रास्तों से गुजरी। इस दौरान लोगों ने अबीर और गुलाल की बौछारों से इसका अभिनंदन किया। बारात में हुरियारों ने पूरे जोश

के साथ हिस्सा लिया और पूरा शहर रंगों से सराबोर नजर आया।

——————————

आज तपेदिक दिवस है। आज ही के दिन 1882 में डॉ. रॉबर्ट कोच ने क्षय रोग के जीवाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की पहचान की थी। इसका उद्देश्य टीबी रोग के बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से टीबी रोग के लक्षण और उपचार के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया है। अपने संदेश में श्री योगी ने कहा कि 'क्षय रोग मुक्त भारत' को सामूहिक प्रयासों से वर्ष 2025 तक सिद्ध करके 'स्वस्थ भारत' की नींव और मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए।

——————————

प्रदेश में दो अलग–अलग हादसों में चार बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई और ग्यारह अन्य घायल हो गये। मेरठ के पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में एक घर में शॉटसर्किट होने से आग लग गई जिसमें चार बच्चों की मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित कुमार ने बताया कि बच्चों की मां की हालत गंभीर है जिसे उपचार के लिए दिल्ली भेज दिया गया है।

उधर रामपुर जिले में कल देर रात हुई सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई और

ग्यारह अन्य घायल हो गये। यह हादसा मिलक इलाके के धर्मपुरा बाइपास पर उस समय हुआ जब एक डम्पर ने ट्रैक्टर–ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में मौत का शिकार हुए लोग और घायल बरेली जिले के मीरगंज इलाके से ट्रैक्टर–ट्रॉली में बैठकर एक समारोह में शामिल होने के लिए मुरादाबाद जा रहे थे।

——————————

भोपाल में हाल ही में आयोजित 17वें राष्ट्रीय पैरा चैम्पियनशिप में भारतीय पैरा एथलेटिक्स में शामली जिले की शबाना ने शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड और सिल्वर मडल जीतकर जिले का नाम रौशन किया है। जिला उप क्रीडाधिकारी अश्विनी त्यागी ने बताया कि प्रतियोगिता में शबाना ने दो सौ मीटर की दौड़ के एल–थ्री श्रेणी में स्वर्ण और बी एल–थ्री श्रेणी में रजत पदक हासिल किया है। शबाना इससे पहले विभागीय खेलां में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और उनकी खेल उपलब्धियों के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उन्हें सम्मानित कर चुके हैं।

——————————